तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]




## एनएच मरम्मत स्थल पर दो कार की भिड़ंत में 6 की मौके पर ही मौत

- मृतकों में 6 में से 4 एक ही परिवार के, एक वाहन चालक और एक अन्य सदस्य
- डिजायर में चालक सहित 7 लोग सवार थे, जिसमें 6 की मौत
- स्विफ्ट में चालक सहित 2 युवक सवार थे, जो शराब के नशे में थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चिंवराज में शादी समारोह में शामिल होकर डिजायर कार से घर उड़कुड़ा जाते समय सामने की ओर से आ रही स्विफ्ट कार से आमने-सामने बीती रात को पौने 11 बजे भिड़ंत हो गई, जिसमें डिजायर में सवार 6 लोगो की मौके पर मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं स्विफ्ट में सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें निकालने में कई घंटे लग गए। 6 लोगों में 4 मृतक प्रधान आरक्षक के परिवार के, एक वाहन चालक और एक अन्य सदस्य की मौत हुई और एक सदस्य घायल हुआ। दूसरी कार में सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल है। तीनों घायलकों को हायर सेंटर भेजा गया।


जानकारी के अनुसार स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 19बीडब्ल्यू में सवार पुलिस विभाग में दुधावा चौकी में पदस्थ दूसरी स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 19 बीई 4451 में सवार विश्वजीत नेताम पिता ऋषि नेताम उम्र 25 वर्ष निवासी नाथियानवागांव और उदित जुर्री पिता घनश्याम जुर्री उम्र 26 वर्ष निवासी नाथियानवागांव भी गंभीर रूप से घायल होकर कार में फंस गए ▶▶|शेष पेज 12 पर



### एसपी भी मौके पर पहुँचे

घटना की खबर मिलते ही रात को साढ़े 11 बजे के पास घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा मौके पर पहुँचे और पूरी घटना की जानकारी लिया। उसके उपरांत घायलों और मृतको को देखने के लिए जिला अस्पताल भी पहुँचे। उन्होने बताया कि एक्सीडेंट के कारणों को पता लगाने के लिए टीम का गठन किया गया और एक्सीडेंटल स्थल में जो खामी मिलेगी, उसे भी ठीक किया जाएगा।

### कड़ी मशक्कत के बाद निकाले गए लोग



घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग टीम सबसे पहले पहुँची और घटना को देखकर उच्च अधिकारियो के संज्ञान में लाया गया। इसके उपरांत कांकेर थाना और यातायात की टीम मौके पर पहुँची और एम्बुलेंस को बुलाया गया। रेस्क्यू टीम ने काफी मशक्कत के बाद कारों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों और मृतकों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में छह लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। हादसे की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद एक कार का इंजन काफी देर तक चालू हालत में रहा।

### राष्ट्रीय राजमार्ग में लगा जाम



हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर पर दोनो तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। राष्ट्रीय राजमार्ग में कई घंटे तक जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। कोतवाली एवं यातायात पुलिस मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को धीरे-धीरे सामान्य कराया। यातायात को सामान्य करने में टीम को तीन घंटे से ज्यादा समय लग गया।

### तेज रफ्तार और लापरवाही फिर बनी वजह



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे के पीछे तेज रफ्तार और लापरवाही प्रमुख कारण के अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा कराया गया पेंच काम भी है। सड़क में जिस जगह पेंच कार्य हुआ, वहीं पर कार पहुँचते ही अनियंत्रित हुई और यह हादसा हो गया। पुलिस और प्रशासन की टीम दिन में मौके पर पहुँचकर दुर्घटना के सभी कारणों का अध्ययन करने में लगी हुई है।

## चलित थानों के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद, गांव-गांव पहुंच रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा और जागरूकता को मजबूत करने के उद्देश्य से मोर मितान अभियान के तहत ग्राम पंचायत कुष्टीकुर, पीढापाल एवं ग्राम बारदेवरी में चलित थाना एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल ने पुलिस और ग्रामीणों के बीच संवाद को नया आयाम दिया, जहां लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा की और समाधान की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त किया।

आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी द्वारा गांव के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे पर विशेष जोर देते हुए, ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के सरल उपायों को विस्तार से समझाया गया। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर एवं अन्य आपातकालीन सूचना हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता मिल सके। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महिला सुरक्षा टीम की त्वरित कार्रवाई, सतत निगरानी व्यवस्था तथा महिला हेल्पलाइन नंबर के महत्व को रेखांकित किया गया। यातायात नियमों के ▶▶|शेष पेज 12 पर

### साइबर फ्रॉड से बचाव के आसान उपाय बताए




### ग्रामीणों को किया जागरूक

कार्यक्रम में बाल विवाह, मानव तस्करी जैसे सामाजिक अपराधों के प्रति सजग रहने की अपील की गई। साथ ही ग्रामीणों को पुलिस के साथ निरंतर संपर्क में रहने हेतु व्हाट्सएप ग्रुप बनाने और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस जन-जागरूकता अभियान ने ग्रामीणों में सुरक्षा के प्रति विश्वास और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया, जिससे पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हुआ।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत, मामला दर्ज



**कांकेर।** थाना चारामा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार 5 मार्च की सुबह करीब 8 बजे धनेश्वर लाल उसेंडी अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीटी 5644 से धान फसल में खाद डालने खेत गया था। दोपहर लगभग 2:45 बजे गांव के उपसरपंच गौतम पटेल ने परिजनों को सूचना दी कि धनेश्वर का एक्सीडेंट हो गया है। जानकारी मिलते ही परिजन ग्रामीणों के साथ चारामा अस्पताल पहुंचे, जहां धनेश्वर को स्ट्रेचर पर सफेद कपड़े से ढका हुआ पाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। विवेचना में पाया गया कि वाहन क्रमांक सीजी 09 जेयू 9911 के चालक ने सामने से आकर जोरदार टक्कर मारी, हादसे में धनेश्वर के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281 एवं 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### शिक्षक का 20वां स्वैक्षिक रक्दान



**कोयलीबेड़ा।** शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोयलीबेड़ा में पदस्थ शिक्षक खुमन साहू ने 20 वां स्वैक्षिक रक्दान किया। वे राजनांदगांव जिला, डोंगरगांव ब्लाक के ग्राम खुर्सीपार निवासी है, जिन्होने 20 वां रक्तदान बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव में किया। रक्तदान के प्रति लोंगो को जागरूक करने के उद्देश्य से शिक्षक ने जानकारी दिया कि रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त कोशिशाओं का निर्माण, ह्रदय स्वास्थ्य में सुधार, कैलोरी बर्न, शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित होता है।

### सोलह लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा चारामा निवासी सुरेन्द्र कुमार यादव की नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उसकी पत्नी निशा यादव नाबालिक पुत्री झरना यादव और उसके वली पालक संतोषी यादव निवासी राऊत पारा रायपुर के लिए चार लाख, चारामा तहसील के ग्राम किशनपुरी निवासी 28 वर्षीय अमन कुमार की चिनार नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उसके माता-पिता नारायण मण्डावी और छबीला मण्डावी के लिए चार लाख, ग्राम मयाना निवासी 39 वर्षीय दादूसिंह पोया की मयाना बांध के नाला में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उसकी पत्नी पार्वती बाई के लिए चार लाख और अंतागढ़ तहसील के ग्राम पेवारी निवासी 59 वर्षीय गोपीराम हिड़को की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उसकी पत्नी जग्गोबाई के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया।

**कार्यक्रम :** विधायक विक्रम उसेंडी के प्रयास से हुआ संभव, गोडरी में किया भूमिपूजन

## 7.50 करोड़ के दो पुल निर्माण से एक दर्जनों गांव के लोगों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- एक दर्जन से ज्यादा गांव के लोगों की लंबे समय से की जा रही माँग हुई पूरी
- वर्षों की प्रतीक्षा खत्म, एक दर्जन से अधिक गांवों को मिलेगी नई राह

बरसात के दिनों में उफनते नाले, टूटी कच्ची राहें और घंटों की मजबूरी इन सबके बीच जीवन बिताने को मजबूर रहे एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों के लिए अब राहत की किरण नजर आई है। क्षेत्र में करीब साढ़े सात करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दो पुल न केवल आवागमन को आसान बनाएंगे, बल्कि विकास की रफ्तार को भी नई दिशा देंगे। ग्राम गोडरी में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के साथ इस बहुप्रतीक्षित कार्य की औपचारिक शुरुआत हो गई है, जिसे लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।



आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक विक्रम उसेंडी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि यह सिर्फ पुल निर्माण नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों के जीवन में बदलाव लाने का माध्यम है। ग्रामीणों को हर साल बारिश के दौरान जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, उसे देखते हुए हमने इस मुद्दे को प्राथमिकता में रखा। लगातार प्रयासों के बाद आज यह कार्य शुरू हो सका है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार ग्रामीण अंचलों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। सड़क, पुल और संचार जैसी सुविधाएं विकास की रीढ़ होती हैं, और इन्हें मजबूत करने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की सराहना किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोरमा मंडावी ने कहा कि इन पुलों के ▶▶|शेष पेज 12 पर

### ग्रामीणों ने जताया आभार

भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुँचे ग्रामीणों ने भी इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक विक्रम उसेंडी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुल उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उनका मानना है कि इससे न केवल आवागमन सुधरेगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक उनकी पहुंच भी आसान होगी।

### निर्माण कार्य शीध्र प्रारंभ हो जाएगा

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार दोनों पुलों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा और निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण के दौरान तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि पुल लंबे समय तक सुरक्षित और टिकाऊ बने रहें।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में नप अध्यक्ष अंतागढ़ राधेलाल नाग, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामविलास गुप्ता, मंडल अध्यक्ष महेश उईके, जप उपाध्यक्ष अंतागढ़ कुबल सिंह भुसाखरे, नप उपाध्यक्ष अंतागढ़ सुमल सिंह नरवास, कुंवरबत्ती नुरूटी, सविता हिड़को, जनपद सदस्य अंतागढ़ सुमन लता, गायता, चैतराम हिड़को, मंगतु राम दुगगा, चैतराम हुर्रा, कल्पना जैन, उजनतीन मंडावी, सरिता कुलदीप, धन्नु राम गोटा, यमुना पटेल, सानतानु मरकाम, प्रतीक ठाकुर, राजेश साहू, हुपेंद्र साहू व अन्य ग्रामवासी शामिल रहे।

## शराब के नशे में पति बना हैवान, पत्नी को बेरहमी से पीटकर किया लहूलुहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

घरेलू हिंसा की एक और दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां शराब के नशे में धुत एक पति ने अपनी ही पत्नी को बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना न केवल पारिवारिक रिश्तों पर सवाल खड़े करती है, बल्कि समाज में बढ़ती घरेलू हिंसा की समस्या को भी उजागर करती है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पीव्ही 127 अनुपपुर थाना गोण्डाहूर निवासी 21 वर्षीय विवेक मंडल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने छोटे भाई के साथ महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के बैरागढ़ में मोटर



वेंडिंग की दुकान चलाता है। घटना 7 अप्रैल की रात की है, जब दोनों भाई अपने कार्यस्थल पर मौजूद थे। रात लगभग 9 बजे शिकायतकर्ता को उसके बड़े पिता के पुत्र का फोन आया, जिसमें सूचना दी गई कि उसके पिता रवि मंडल ने उसकी मां शिखा मंडल के साथ बुरी तरह मारपीट की है और वह बेहोश हो गई हैं। जानकारी मिलते ही दोनों भाई तुरंत बैरागढ़ से पखांजूर पहुंचे, जहां उनकी मां ▶▶|शेष पेज 12 पर

## अंतागढ़ में युकां की बैठक, संगठन विस्तार और बूथ स्तर पर मजबूती का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

विकासखँड अंतागढ़ मुख्यालय में शुक्रवार10 अप्रैल को युवा कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने और आगामी रणनीतियों को लेकर गहन मंथन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय नेतृत्व की सक्रिय भागीदारी ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार किया।

आयोजित बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन विस्तार के साथ-साथ बूथ चलो, पंचायत चलो अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करना रहा। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और बूथ



स्तर तक पहुंचकर आम जनता से जुड़ने, उनकी समस्याओं को समझने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की असली ताकत है और इसके लिए युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रियता बढ़ाने, आपसी समन्वय बनाए रखने और जनता के बीच निरंतर संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। आयोजित बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतागढ़ के अध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर, पखांजुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत विश्वास, सुप्रकाश मलिक, जिला युवा कांग्रेस कांकेर अध्यक्ष राजेंद्र दुबे, अंतागढ़ विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनिवास रॉय, जिला युवा कांग्रेस महामंत्री ▶▶|शेष पेज 12 पर

विधायक आशाराम ने घर-घर पहुंचकर किया जनसंवाद

## समस्याओं के समाधान का मिला भरोसा, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर क्षेत्र के ग्राम देवीनवागांव में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत जनसंपर्क का सजीव और आत्मीय दृश्य देखने को मिला, जहां क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम और जनप्रतिनिधियों ने सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया।

नरहरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवीनवागांव में विधायक एवं भाजपा संगठन के पदाधिकारी की उपस्थिति में जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनके जीवन से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के दौरान गांव के माताओं-बहनों, युवाओं और वरिष्ठजनों से आत्मीय मुलाकात की गई। ग्रामीणों ने पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और



रोजगार से संबंधित अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। जनप्रतिनिधियों ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों तक पहुंचाने और शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि गांव चलो, बस्ती चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव जाकर आमजन से सीधा संवाद स्थापित करना और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। जनसेवा के इसी संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी निरंतर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और ▶▶|शेष पेज 12 पर



### हमारी सरकार और संगठन का संकल्प

विधायक आशाराम नेताओ ने आमआदमी से संवाद किया और कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए तत्पर रहना ही सच्चे जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है। हमारी सरकार और संगठन का संकल्प है कि हर गांव और हर बस्ती तक पहुंचकर विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ हम निरंतर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।




गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और

कमाएं

₹ 12,000 प्रति माह + इंसेन्टिव

योग्यता- 12वीं से स्नातक

मात्र 6 घंटे का आसान काम और फिर आराम ही आराम

ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।

स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

ब्यूरो कार्यालय :

ऊपर नीचे रोड, कांकेर

मो. 70009 55574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### राजस्व पखवाड़ा में अब तक 970 आवेदन प्राप्त, 713 का मौके पर किया निराकरण

**कोण्डागांव।** राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका पहला चरण 16 अप्रैल तक जारी रहेगा। 7 अप्रैल तक कोंडागांव में 365, मर्दापाल में 24, फरसगांव में 77, केशकाल में 137, धनोरा में 63, माकड़ी में 169 और बड़ेराजपुर में 135 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में नामांतरण के 166, बंटवारा के 23, ऋण पुस्तिका के 9, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के 233 तथा 540 अन्य प्रकरण शामिल हैं। कुल 970 आवेदनों में से 713 का निराकरण शिविर स्थल पर ही कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों को त्वरित राहत मिल रही है। **ग्रामीणों को मिल रही सुविधाओं का लाभ :** शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को राजस्व संबंधी सेवाएं उनके गांव में ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है।

### राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन लेंगे 20 तक

**कोण्डागांव।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रलय द्वारा राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन पोर्टल पुनः खोल दिया गया है। जिले के सभी योग्य उद्यमी 20 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। इस पुरस्कार के लिए महिला उद्यमी, अनुसूचित जातिध्जनजाति, दिव्यांग उद्यमी, निर्यात–उन्मुख इकाइयां और तकनीकी रूप से उन्नत उद्यम आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उद्यमी आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

अधिक जानकारी या तकनीकी सहायता के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोण्डागांव में संपर्क किया जा सकता है।

### डिफेंस कौंसिल और अधिकार मित्र को दिया गया ओरिएंटेशन



**कोण्डागांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विचाराधीन बंदियों से संबंधित कार्यों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में बंदियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। पिछली तिमाही के प्रदर्शन, लंबित मामलों तथा नालसा द्वारा चिन्हित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डिफेंस कौंसिल सदस्यों को निर्देशित किया गया कि वे जेलों में निरंतर संपर्क बनाए रखें और बंदियों से संवाद स्थापित करें। पात्र बंदियों की रिहाई सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निपटारे के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।कौंसिल सदस्यों को प्रत्येक माह कम से कम एक बार जेल निरीक्षण करने के निर्देश दिए

# बच्चों के अधिकारों की रक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी: न्यायाधीश राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और विधिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खिलावन राम ने की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा ,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रतिभा मरकाम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान सहित खंड शिक्षा अधिकारी, अधिवक्ता एवं अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा, जिसमें पॉक्सो एक्ट, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल श्रम निषेध कानून, बाल विवाह निषेध, बाल संरक्षण के प्रावधान, शामिल रहे। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, शोषण, उत्पीड़न और भेदभाव की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जाए, यदि कोई छात्र 3–4 दिन अनुपस्थित रहता है तो उसकी निगरानी की जाए। बच्चों तक उनके अधिकारों की जानकारी अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## बाल अधिकार संरक्षण के लिए कोंडागांव में विशेष प्रशिक्षण



### शिक्षा विभाग ने बताया उपयोगी पहल

जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षा विभाग के लिए अत्यंत उपयोगी है प्राप्त जानकारी को सभी विद्यालयों के स्टाफ और विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि प्रशिक्षण से मिली जानकारी का उपयोग कर विद्यालयों में बच्चों के लिए सुरक्षित, समावेशी और प्रेरणादायक वातावरण तैयार किया जाए। यह प्रशिक्षण बच्चों के अधिकारों की रक्षा और समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## रिपोर्ट के चंद घंटों में हत्या का खुलासा

# पत्थर से हमला कर युवक की हत्या करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले के माकड़ी थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या की गुत्थी को पुलिस ने चंद घंटों में सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई को थाना माकड़ी पुलिस और साइबर सेल कोंडागांव की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। आरोपी ने पत्थर से हमला करके की थी हत्या। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी राजेन्द्र सोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे अपने जीजा मेहन्दु मरकाम 30 वर्ष और पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से बालोंड से भतवा जा रहे थे। शाम करीब 7:30 बजे, ग्राम बागबेड़ा और खुड़ी के बीच अज्ञात व्यक्ति ने ईंट–पत्थर से सीने पर हमला कर दिया। इस गंभीर चोट के कारण मेहन्दु मरकाम की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तत्काल टीम गठित कर जांच शुरू की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी धनीराम मण्डावी 35 वर्ष, निवासी खुड़ी को ग्राम ओण्डरी से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार कर लिया।

जांच में सामने आया कि आरोपी रास्ते में आने–जाने वाले मोटरसाइकिल सवारों पर पत्थर से जानलेवा हमला करता था। इसी कृत्य के दौरान यह घटना हुई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**पुलिस टीम का सराहनीय योगदान :** इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान, सौरभ उपाध्याय साइबर सेल, सुरेन्द्र बघेल सहित पुलिस एवं साइबर टीम के अन्य अधिकारियों–कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से गंभीर अपराध का जल्द खुलासा हुआ, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है।

### मेला स्थल पर जुआ खिलाते दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** थाना अनंतपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मालगांव के वार्षिक मेले में अवैध जुआ खिलाए जाने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नकदी सहित जुआ खेलने के उपकरण भी जब्त किए हैं। मेला स्थल पर खुड़खुड़िया जुआ खेलाते 2 आरोपी गिरफ्तार किया है मौके से 1170 रुपए नकद सहित जुआ सामग्री जब्त की गई है। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई। पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मालगांव मेला स्थल टेकरी के पास कुछ लोग खुड़खुड़िया नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से दो व्यक्तियों को जुआ खेलाते हुए पकड़ा अरविंद नेताम 30 वर्ष, नीलू सोरी 24 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मालगांव, थाना अनंतपुर हैं।



**नकदी और सामग्री जब्त :** कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 970 रुपए फड़ से, 200 रुपए आरोपी के पास से कुल 1170 नकद बरामद किया है। इसके साथ ही 6 नग खुड़खुड़िया गोटा, 1 झंडा–मुंडा चार्ट, 1 टोकनी, 1 प्लास्टिक चटाई भी जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 03 के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में चल रही अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में जुआ गतिविधियों पर अंकुश लगाने का संदेश गया है। **पुलिस टीम का सराहनीय योगदान :** कार्रवाई में भूपेंद्र मरकाम, छबीलाल कोर्राम, श्यामसिंह मरकाम सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अनंतपुर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से मेला स्थल पर अवैध गतिविधियों पर रोक लगी है। आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है।

## पेंशनधारी संघ ने भवन निर्माण के लिए भू आबंटन की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ शाखा दुर्गूकोंदल द्वारा अपने संगठन के लिए स्थायी भवन निर्माण हेतु भूखंड आबंटन की मांग को लेकर आवाज बुलंद की गई है। संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस संबंध में तहसीलदार दुर्गूकोंदल को आवेदन प्रस्तुत कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया है।



आयोजित बैठक में पेंशनधारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष देवराम नाग, सेवालाल चिराम, उमेन्द्र राम ठाकुर, कृष्णा सोम, विष्णु प्रसाद चुरेंद्र, फूलसिंह उयके, रामरतन यादव सहित अन्य सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इस मांग का समर्थन किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि पेंशनधारी संघ को वर्षों से भवन की आवश्यकता महसूस हो रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। संघ द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि वर्तमान में तहसील शाखा दुर्गूकोंदल में लगभग 110 पेंशनधारी सदस्य जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद उनके पास बैठक, चर्चा एवं संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन के लिए कोई स्थायी स्थान उपलब्ध नहीं है। इसके चलते उन्हें विभिन्न स्थानों पर अस्थायी रूप से बैठक करनी पड़ती है, जिससे न केवल असुविधा होती है बल्कि समय और संसाधनों की भी हानि होती है। एक स्थायी भवन होने से वे नियमित बैठक कर सकेंगे, अपनी समस्याओं पर विचार-विमर्श कर पाएंगे तथा सामाजिक एवं जनहित के कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पेंशनधारी समाज का अनुभवी वर्ग है, जो अपने अनुभवों से समाज के विकास में योगदान देने की क्षमता रखता है। संघ ने तहसील प्रशासन से मांग की है कि उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र उपयुक्त स्थान पर भूखंड आबंटित किया जाए, ताकि भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो सके। इससे पेंशनधारी सदस्यों को एक स्थायी मंच मिलेगा और वे संगठित होकर अपनी गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित कर सकेंगे।

## भाजपा स्थापना दिवस पर सेवा का संदेश, राहगीरों को पिलाया शरबत



**दुर्गुकोंदल।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर दुर्गुकोंदल मंडल द्वारा सेवा और समर्पण की भावना के साथ शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्थानीय बस स्टैंड एवं मुख्य चौक पर राहगीरों, यात्रियों एवं आम नागरिकों को शरबत पिलाकर भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रति सेवा भाव को प्रदर्शित करना एवं पार्टी के स्थापना दिवस को जनसेवा के रूप में मनाना रहा। कार्यकर्ताओं ने स्वयं आगे बढ़कर लोगों को शरबत वितरित किया, जिससे राहगीरों ने भी इस पहल की सराहना की और राहत महसूस की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का प्रतीक है। पार्टी का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी सहायता करना और उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए कार्य करना है। इसी सोच के साथ शरबत वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे एवं सभी ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ने न केवल सामाजिक सेवा का संदेश दिया, बल्कि संगठन की सक्रियता और जनसंपर्क को भी मजबूत किया। इस आयोजन में अरविंद जैन, विजय पटेल, बिदेसिह कल्लो, संतो दुग्गा, अशोक जैन, हेमनारायण सिन्हा, दीपक पुडो, राजू विकास नायक, किशोर कुमार सिन्हा, राकेश देवांगन सहित नरेंद्र साबले, विष्णु पटेल, बिरेंद्र जैन, हलाल, विश्वकर्मा, मनोज कुमार दुग्गा, गौतम कोटिगल एवं युवा मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्व सहायता समूह को मिला सांसद निधि से सहयोग, महिलाओं में खुशी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत राऊरवाही में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। दंतेश्वरी स्व सहायता समूह राऊरवाही की अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा की गई मांग पर सांसद ने स्वेच्छा अनुदान मद से 10 रूपए की राशि प्रदान की। इस सहायता से समूह की महिलाएं अपने आवश्यक कार्यों को पूरा कर सकेंगी और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। कार्यक्रम के दौरान समूह की महिलाओं ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके छोटे-छोटे व्यवसाय एवं घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक साबित होगा। इससे समूह की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और वे स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित कर सकेंगी। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने महिला समूहों की भूमिका को सराहते हुए कहा कि स्व सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए इस तरह के सहयोग निरंतर जारी रहना चाहिए। इस पहल से न केवल महिलाओं का मनोबल बढ़ा है, बल्कि गांव में सामुदायिक विकास को भी नई दिशा मिली है। समूह की महिलाओं ने भविष्य में इस राशि का सदुपयोग कर अपनी आय बढ़ाने और अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य पीलम नरेटी, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विजय पटेल, सीईओ सुरेंद्र बंजारे, लेखापाल परमानंद नेताम सहित कई गणमान्य लोग एवं साथ ही दंतेश्वरी स्व सहायता समूह की सदस्य लिडिया रोशन, बिजबती पात्र, लिलेश्वरी तारामा, विष्णु कोठारी एवं अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



## रासायनिक आपदा मॉक ड्रिल की तैयारी पर हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**कांकेर।** भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में प्रस्तावित राज्य स्तरीय रासायनिक (औद्योगिक) आपदा मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों को लेकर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओरिएंटेशन एवं कोऑर्डिनेशन बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य, जिला एवं तहसील स्तर के अधिकारी, आपदा प्रबंधन से जुड़े विभाग, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि तथा एनडीआरएफ व एसडीआरएफ, फायर एवं पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल हुए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आपदा प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा, इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम के प्रभावी क्रियान्वयन, आपातकालीन सेवाओं के समन्वय, अस्पतालों की तैयारी तथा संसाधनों की उपलब्धता जैसे प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। बताया गया कि 21 अप्रैल 2026 को टेबल टॉप एक्सरसाइज तथा 23 अप्रैल 2026 को राज्य के चयनित स्थलों पर फिजिकल मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस मॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करना एवं विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। सभी विभागों को समय-सीमा में आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूस, नगर सेना, उद्योग , पुलिस, लोक निर्माण, उर्जा, स्वास्थ्य, जल संसाधन, नगरीय निकाय, खाद्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम तथा खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



## पेज 11 के शेष

### चलित थाना के माध्यम...

पालन की अपील करते हुए बताया गया कि नियमों का पालन न केवल स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की यात्रा को भी सुरक्षित और सुगम बनाता है।

इसके अतिरिक्त, चिटफंड धोखाधड़ी, किरायेदारों एवं बाहरी व्यक्तियों की सत्यापन प्रक्रिया, तथा संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया। नशा एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए इसे समाज के लिए गंभीर खतरा बताया गया।

### एनएच मरम्मत स्थल...

थे। एक्सीडेंट को देखकर यातायात की हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने बताया कि दोनों कारों की रफ्तार तेज थी और टक्कर आमने-सामने हुई। हादसे के बाद दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। कई लोग कार के भीतर ही बुरी तरह फंस गए थे। दुर्घटना के बाद का मंजर बेहद भयावह था, चारों तरफ चीख-पुकार और टूटे वाहनों का मलबा बिखरा पड़ा था।

### 7.50 करोड़ के...

बन जाने से क्षेत्र के कई गांव सीधे मुख्य मार्ग से जुड़ जाएंगे। इससे न केवल लोगों की दैनिक आवाजाही आसान होगी, बल्कि किसानों को अपनी फसल बाजार तक पहुंचाने में भी सुविधा मिलेगी। यह हमारे क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है। ग्राम गोडरी के सरपंच रजनी नुरूटी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा बरसात के समय गांव के लोग पूरी तरह कट जाते थे।

बच्चों की पढ़ाई बाधित होती थी और मरीजों को अस्पताल ले जाना बेहद मुश्किल हो जाता था। अब पुल बनने से इन सभी समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाएगा। वर्षों से चली आ रही समस्याओं के समाधान के साथ अब गांवों के लोगों को न केवल बेहतर आवागमन मिलेगा, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

### शराब के नशे में...

का सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा था। होश में आने के बाद शिखा मंडल ने बताया कि उसका पति शराब के नशे में घर आया और उस पर शक करते हुए गाली-गलौज करने लगा। जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ, मुक्के और लात से उसकी बेरहमी से पिटाई की। इस हमले में महिला के सीने और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। महिला ने यह भी बताया कि उसका पति शराब का आदी है और पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट कर चुका है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रवि मंडल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296 और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और विवेचना जारी है।

### अंतागढ़ में युकां...

शेष गजबिए एवं महासचिव सुरेश नाग, विनय ठाकुर सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए टिप्स भी दिए। बैठक के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजित बैठक में जिला महासचिव नितीन गुप्ता, नगर अध्यक्ष करण वर्मा, जिला सचिव आशीष कावड़ो सहित विशाल फाफा मारिया, सुमित, हर्षित, परमेश, रमेश, नंद, ठाकुरराम, धनंजय देहरी, अतुल खांडेकर, चिरंजीव, विजय दरों, सुजल निषाद, शिवनाथ नेताम, बजरू दुगा, तुमेश दुगा, गावरीशंकर, युगल किशोर, आदित्य खापर्डे सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समस्याओं के समाधान...

उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और उन्होंने इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने एकजुट होकर क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प दोहराया।

## कई समितियों ने घंटों दी संगीतमय शानदार प्रस्तुति

# राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन प्रतिवर्ष हर ग्राम में किया जाए: विधायक नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन प्रतिवर्ष हर ग्राम में किया जाए। उन्होंने कहा कि रामायण के पात्र हमें संस्कार सिखाते हैं। उक्त बातें नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन के समापन समारोह में विधायक नीलकंठ टेकाम ने मुख्य अतिथि की आसांदी से कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक व जिला अध्यक्ष सेवकराम नेताम ने की। श्री टेकाम ने विगत 6 वर्ष पूर्व आयोजित इस राज्य स्तरीय सम्मेलन को पुनः प्रारंभ कर सफलता पूर्वक आयोजन हेतु समिति के अध्यक्ष पदाधिकारी व समस्त ग्रामवासियों को ढेर सारी बधाई दी। प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से राम की जन्मभूमि अयोध्या में जब से रामलला साक्षात विराजे है तब से देश के व प्रदेश के हर गांव में मानस का यह सफल आयोजन हो रहा है। उन्होंने आयोजन समिति के संयोजक भूपेश चन्द्राकर पार्षद के निवेदन पर कार्यक्रम स्थल पर प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए अपनी ओर से अधिक से अधिक सहयोग देने की घोषणा की।

कार्यक्रम के अध्यक्ष सेवक राम नेताम पूर्व विधायक ने अपने विधानसभा व जिला क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन की आवश्यकता बल दिया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा हेतु इस प्रकार के आयोजन होते ही रहने चाहिए। इस अवसर पर आकाश मेहता जिला उपाध्यक्ष, पार्षद भूपेश चन्द्राकर, राजकिशोर राठी विधायक प्रतिनिधि पुरातत्व समिति कोण्डागांव, श्रीमती पीलाबाई जैन पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, कमला बाई नेताम पूर्व सरपंच, प्रभा गौर, गीता ध्रुव पूर्व पार्षद व जमुना बघेल अध्यक्ष महिला मोर्चा, रोशन जमीर खान पूर्व अध्यक्ष प्रवीण अग्निहोत्री सनातन विकास परिषद, अनिल उसेण्डी पूर्व पार्षद आदि उपस्थित थे। सभा को नगर अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी, उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, समाजसेवी कृष्णदत्त उपाध्याय, पार्षद भूपेश चन्द्राकर व राजकिशोर राठी आदि ने भी संबोधित किया। तीसरे दिवस पूर्व सांसद मोहन मण्डावी संरक्षक तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ, हदय राम , प्रदेश उपाध्यक्ष, गुप्तेश्वर बघेल जिला अध्यक्ष, चिराग उपाध्याय मिडिया प्रभारी आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर हदय राम ने सुरडोंगर मानस मंच से का बखान किया व छत्तीसगढ़ी में गीत गाकर सबका मन मोह लिया।



### इनका रहा योगदान

आयोजन को सफल बनाने में तीन दिवस तक भोजन की व्यवस्था क्रमश गिरधर पाण्डे, हेमराज गौर, मंजरी नेताम सुरडोंगर ने किया सभी मानस मण्डलियों को रामचरित्र मानस ग्रन्थ स्व. फगनू राम साह व बिरजा साहू की स्मृति में उनके पुत्र डाविन्द्र साहू व स्व. सिदनाथ मिश्रा की स्मृति में पुत्र अजय मिश्रा द्वारा हनुमान चालीसा भेंट में दिया आयोजन को सफल बनाने में बलराम गौर, सरजू राम गौर, महेष तारम, रामचन्द्र वर्मा, ईश्वर बैस, प्रहलाद साहू, रामसेवक वेदव्यास, दुखुराम गौर, कृश्ण कुमार सुर्यवंषी, प्रेम गौर, राजेन्द्र साहू, कमलेश धुव, जैलेन्द्र साहू, सुरेश जैन, कचरू राम कुंजाम, प्रेम वेदव्यास, रविराम धुव, शोभा यादव, सैल भारद्धाज, वनलता शिन्धे, ओमबती पटेल, जानकी गौर, नंदनी पाण्डे, लक्ष्मी साहू, नारदीन जैन, वेदवती देहारी, मालती सोम, यमुना यादव, सुकन्तीन नाग, अनिता यादव, कौशिल्या लावत्रे, गंगोत्री यादव, देव साहू, मुकेश लावत्रे, सतीश यादव, गिरधर पाण्डे, रामेश्वर बघेल आदि का सहयोग सराहनीय रहा है।

### इन्होंने दी प्रस्तुति

राज्य स्तरीय मानस सम्मेलन में सद्भावना मानस परिवार, तुलसी के संदेष मानस मण्डली धमतरी, प्रज्ञा मानस परिवार, सोरिद खुर्द, छ.ग, खजुराहो भोरमदेव परिवार कवर्धा, जयबजरंग मानस परिवार सुरडोंगर, महाकाल मानस परिवार फरसगांव , श्री राम मानस प्रचार गणेश चौक धमतरी, बस्तरिया मानस परिवार बरकई फरसगांव, जयअम्बे मानस परिवार रायतुम महासमुन्द, वन्दना महिला मानस मण्डली पारारास बालोद, श्री राम जानकी मण्डली विरोदा, रामरस मानस परिवार फरसगांव, आदर्श श्रीराम भक्त मानस परिवार कबीरधाम, जयशंकर मानस परिवार चिखली गरियाबंद, गुरूकृपा मानस परिवार बेलभांड बालोद व भरत मानस परिवार माकड़ी कोण्डागांव ने शानदार प्रस्तुति दी।

## खबर संक्षेप

### कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न पर कार्यशाला

**बीजापुर।** महिलाओं के प्रति कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम जागेश्वर कौशल जिला कार्यक्रम अधिकारी बिस्मिता पाटले, तथा डीएसपी विनीत साहू उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।

# ग्रामीणों ने बाटछेकनी रस्म अदा कर राहगीरों से लिया माटी मान

## पलास के पत्तों से बनी बीज की पोटली देवता को करते हैं अर्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

जिले के ग्रामीण अंचल में इन दिनों बीज पंडुम की धूम है। बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से यह सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में गीदम ब्लॉक के रोंजे में ग्रामीण माटी तिहार की खुशियां मनाते हुए नजर आए। परंपरानुसार गीदम- बारसूर मुख्य मार्ग पर रोंजे की सरहद पर ग्रामीणों ने बाटछेकनी रस्म अदा कर राहगीरों से माटी मान लिया।

इस दौरान तोड़ी बजा कर राहगीरों को पर्व की बधाई दी और लोकनृत्य कर खुशी से झूमते नजर आए। ब्रम्ह मुहूर्त में रोंजे के ग्रामीणों ने माटी देव की पूजा - अर्चना की। तदुपरांत गायता और वड्डे की अनुमति लेकर ग्रामीणों की टोली गांव की सरहद पर पहुंच बाट छेकनी रस्म अदा कर राहगीरों के साथ पर्व की खुशियां मनाई।



साप्ताहिक बाजार का दिन होने के कारण गीदम-बारसूर में नाकेबंदी से राहगीरों को थोड़ी परेशानी हुई लेकिन परंपरा को ध्यान में रखते हुए लोग सहयोग करते नजर आए। बाट छेकनी रस्म से प्राप्त धनराशि व अन्य सामाग्री को माटी पुजारी, वड्डे और गायता को भेंटकर देवगुड़ी के पास सभी ने सामुहिक भोज का आनंद लिया। माटी तिहार मनाने के पीछे आदिवासियों की मान्यता है कि इससे ग्राम व कुल देवता प्रसन्न होते हैं और आने वाले खरीफ सीजन की खेती में प्रकृति का भरपूर सहयोग मिलता है।

रोंजे निवासी सुदरू ने बताया कि माटी तिहार के दिन पलास के पत्तों से बनी बीज की पोटली देवता को अर्पण करते हैं। साथी ही आम फल और चिरोंजी आदि वनोपज को देवता को समर्पित कर आभार व्यक्त किया जाता है। बारसूर निवासी थलेश ठाकुर ने बताया कि माटी मान आदिवासी संस्कृति और परंपरा का एक अहम हिस्सा है।

इस पर्व के जरिए ग्रामीण ग्राम व माटी देव की पूजा कर खरीफ फसली की अच्छी पैदावार और खुशहाली की दुआ मांगते है। जून से शुरू होने वाली खरीफ सीजन की अनाज वर्गीय फसल धान, मक्का, कोदो- कुटकी और रागी के बीज देवता को अर्पण किया जाता है और उसी बीज से बुआई का शुभारंभ किए जाने की परंपरा है। वही दूसरी और इस प्रचंड गर्मी में आम और चार फल उपलब्ध कराने के लिए प्रकृति का आभार व्यक्त करने का भी माटी तिहार व आमानवा खास अवसर होता है।

## अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, करोड़ों के वाहन जब्त

# 4 टिप्पर व 2 जेसीबी मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

वन विभाग अब लकड़ी तस्करों के साथ-साथ अवैध मुरूम तस्करों पर भी पैनी नजर रखते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। गोलापल्ली क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खन्न पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों के वाहनों को जप्त कर लिया है। वही सुकमा डीएफओ अक्षय भोसले ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वन अपराध में संल्पित किसी भी व्यक्ति को बख्सा नहीं जावेगा।

- **वन भूमि से मुरूम के अवैध उत्खनन पर वन विभाग ने वाहनों को किया जप्त**

वन विभाग द्वारा आरक्षित वन क्षेत्रों में मुरम के अवैध उत्खनन के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर प्रभावी एवं व्यापक कार्यवाही की गई है। इस कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन में प्रयुक्त भारी वाहनों एवं मशीनरी को जब्त कर वन अपराधों के विरुद्ध विभाग की सख्त मंशा को स्पष्ट किया गया है।

### वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन

प्रथम प्रकरण में गोलापल्ली रेंज अंतर्गत अवैध रूप से मुरम उत्खनन करते हुए 2 टिप्पर ट्रक (वाहन क्रमांक क्रं. सीजी 20 जे 2163 एवं सीजी 20 जे 2164) तथा 1 नग जेसीबी एक्सकेवेटर मशीन जब्त की गई। जांच में पाया गया कि आरक्षित वन भूमि को गंभीर क्षति पहुंचाते हुए बिना अनुमति मुरम का उत्खनन किया जा रहा था, जिससे वन क्षेत्र की पारिस्थिति की पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इस अपराध में सन्नु वाचम, लक्ष्मैया अगनपल्ली एवं सुधाकर बड़दी की संलिप्तता पाई गई है।




### किष्टाराम में भी हुई कार्रवाई

द्वितीय प्रकरण में किस्टाराम रेंज अंतर्गत 2 टिप्पर ट्रक (वाहन क्रमांक सीजी 26 जे 0325 एवं सीजी 26 ई 9737 तथा 1 नग जेसीबी एक्सकेवेटर जेसीबी जब्त किया गया। यहां भी आरक्षित वन क्षेत्र से अवैध रूप से मुरम उत्खनन किया जा रहा था, जो वन संरक्षण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इस प्रकरण में सुमन राय, बंशीधर कश्यप एवं सुनील बघेल की संलिप्तता सामने आई है। उक्त समस्त कार्यवाही उपवनमंडलाधिकारी कोन्टा राहुल देवांगन, गोलापल्ली रेंजर प्रसाद राव तथा किस्टाराम रेंजर ईश्वर बघेल के नेतृत्व में वन अमले द्वारा संपन्न की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर सघन निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए गए तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### वन मंत्री ने लिया संज्ञान



यह संपूर्ण कार्यवाही वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश एवं मार्गदर्शन में की गई है। जब्त वाहनों के विरुद्ध राजसात की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है तथा प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है, ताकि इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों की भी पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश



इस मामले में वन मंडलाधिकारी अक्षय भोसले ने कहा कि वन विभाग द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु सघन गश्त प्रारंभ कर दी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी और वन संपदा को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे। वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध उत्खनन या वन क्षति संबंधी गतिविधियों में शामिल न हों तथा ऐसी गतिविधियों की जानकारी तत्काल विभाग को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# पेयजल संकट दूर करने के लिए कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली

नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल की पहल पर आज कलेक्टर देवेश ध्रुव ने बचेली नगरीय क्षेत्र का दौरा किया। कलेक्टर ने न केवल विकास कार्यों की समीक्षा की, बल्कि शहर की सबसे बड़ी समस्या लाल पानी की जड़ तक पहुँचने के लिए पहाड़ियों पर स्थित स्क्रीनिंग प्लांट का भी मुआयना किया। दौरे की शुरुआत पेयजल समस्या के निरीक्षण से हुई। अध्यक्ष ने कलेक्टर को सीधे एनएमडीसी के 5 नंबर स्क्रीनिंग प्लांट और डिपॉजिट 5 रॉ वाटर स्थल लेकर पहुंचे।

कलेक्टर ने एनएमडीसी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और नगर पालिका की तकनीकी टीम को संयुक्त रूप से 7 दिनों के भीतर विस्तृत निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उन्होंने फिल्टर प्लांट का भी बारीकी से अवलोकन किया। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फिल्टर प्लांट में अतिरिक्त पाइपलाइन का विस्तार किया जाए। पानी को साफ करने के लिए सेटलिंग टंकी का निर्माण जल्द शुरू हो। पेयजल के अलावा शहर के अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण कर अधिकारियों की क्लास ली। निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने 'फेस 2' के अंतर्गत अन्य अतिरिक्त नागरिक सुविधाओं को जोड़ने की बात कही और इसका नया प्राकलन जल्द पेश करने का निर्देश दिया। वार्ड-01 छठ घाट में चल रहे निर्माण कार्य की



गुणवत्ता देख संतोष जताया और फेस 2 के विस्तार हेतु प्रस्ताव मांगा। मंगल भवन की जर्जर स्थिति पर संज्ञान लेते हुए पूर्ण जीर्णोद्धार और मरम्मत के लिए तत्काल प्रस्ताव भेजने को कहा है। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी, मुख्य नपा अधिकारी कृष्णा राव, पीएचई के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती, मंडल महामंत्री सुदीप्ता शेखर मंडल, कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल और पार्षदगण धानसिंह नाग, दीपक सरकार, श्यामलाल सेठिया, बिना साहू, विलासनी नाग ने भी अपने-अपने वार्डों की समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया।

### स्वच्छ पानी प्राथमिकता

बचेली की जनता को स्वच्छ पानी दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है। आज कलेक्टर साहब ने खुद पहाड़ी पर जाकर रॉ वाटर की स्थिति देखी है। हमें विश्वास है कि इस बार एनएमडीसी और पीएचई के समन्वय से पेयजल की समस्या का स्थाई अंत होगा।

-राजू जायसवाल,
अध्यक्ष, नगर पालिका बचेली

# आईटीआई छात्रों को नियुक्ति पत्र वितरण, युवाओं के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक, दंतेवाड़ा में आईटीआई छात्रों के लिए नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रम आईएन प्राइवेट लिमिटेड में चयनित छात्रों को अतिथियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिला प्रशासन ने यह आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं शैक्षणिक प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। आईटीआई गीदम के प्राचार्य हेमंत सोनवानी ने आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव की संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार छात्रों को उद्योगों से जोड़कर रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। अपने संबोधन में विधायक दंतेवाड़ा जिले में शिक्षा के स्तर को सुधारने हेतु किए गए अपने प्रयासों का



उल्लेख किया और छात्रों को निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। वहीं अरविंद कुंजाम ने युवाओं को स्वरोजगार के लिए उपलब्ध विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी चयनित छात्रों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर छात्रों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए अपने शिक्षकों एवं संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया।

### अंबेडकर जयंती के लिए विधायक को दिया न्यौता



**घाटलोहंगा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एसटी, एससी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक समाज के पदाधिकारियों ने बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर उन्हें औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर पार्क लालबाग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रातः 11 बजे माल्यार्पण एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन, दोपहर 12 बजे मंचीय कार्यक्रम व अतिथियों का संबोधन, 1:30 बजे सामूहिक भोजन तथा 3:30 बजे मानवतावादी मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा।

# कर्मठ कर्मचारी के रूप में उद्यम हित में किए काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम किरंदुल काम्प्लेक्स के विद्युत सेवा विभाग में दीर्घ अवधि तक सेवाएं प्रदान करने के पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं भारतीय मजदूर संघ किरंदुल के वरिष्ठ पदाधिकारी बी.डी. पटेल का यूनियन ने सम्मान किया।

सर्वप्रथम मातृशक्तियों द्वारा भारतीय संस्कृति के अनुरूप स्वागत करते हुए कार्यालय के मुख्य द्वार से पुष्पवर्षा करते हुए ससम्मान आसंदी तक अभिनंदन किया गया। यूनियन के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार सहित समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों ने पुष्पहार, शाल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। पदाधिकारियों ने उन्हें एक कर्मठ कर्मचारी के रूप में उद्यम हित में किये गए योगदान, उपलब्धियों एवं यूनियन के प्रति समर्पण, कार्यशैली के संदर्भ में उद्बोधन प्रस्तुत किया। साथ में किये गए कायानुभव की स्मृतियों को साझा किया। बी.डी. पटेल ने अपने अनुभव को साझा किया तथा संगठन की मजबूती के लिए सदैव साथ रहने का व्यक्तव्य दिया। संचालन उपेंद्रनाथ त्रिपाठी तथा राजेंद्र यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर खदान मजदूर संघ के दानेश्वर जोशी, लिशांष सिंह, विराट अवस्थी, सुरेश ठाकुर, नितेश विश्वकर्मा, आकाश माझी, मधु, सुधा, सूरमा, दिव्या, तिलोतमा, शशि, अवनी, मिथुन, लाजेंद्र सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण, मातृशक्तियां उपस्थित थे।

## नक्सल समाप्ति के ऐतिहासिक क्षण को न्याय के उत्सव में बदले

# निर्दोष व्यक्ति की रिहाई लोकतंत्र की असली जीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

जेलों के दरवाजे खोलकर निर्दोषों को अपनों से मिलाना ही नक्सलवाद मुक्ति का सबसे मानवीय चेहरा होगा। बस्तर की जेलों में बंद हर निर्दोष व्यक्ति की रिहाई बस्तर के लोकतंत्र की असली जीत कहलाएगी। उक्त बातें सर्व आदिवासी समाज ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही।

- **मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**



सर्व आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम कलेक्टर सुकमा को ज्ञापन सौंप कर कहा कि 31 मार्च के ऐतिहासिक क्षण को न्याय के उत्सव में बदलते हुए इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। सर्व आदिवासी समाजे ने कहा कि अत्यंत हर्ष का विषय है कि शासन के दृढ़ संकल्प से 31 मार्च 2026 को बस्तर संभाग को अधिकारिक रूप से नक्सलवाद मुक्त घोषित किया गया है। यह उपलब्धि केवल सुरक्षा बलों की जीत नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों की मजबूती का प्रतीक है। सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग इस ऐतिहासिक अवसर पर बस्तर में पूर्ण और स्थाई शांति की स्थापना हेतु गंभीर एवं न्यायोचित पक्ष आपके समक्ष प्रस्तुत करता है।

### आदिवासियों को सुरक्षा और न्याय दोनों का समान अधिकार

सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि संवैधानिक एवं न्यायिक आधार उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि बस्तर के आदिवासियों को सुरक्षा और न्याय दोनों का समान अधिकार है। नक्सलवाद के दौर में हजारों आदिवासी वैचारिक प्रतिबद्धता के कारण नहीं, बल्कि परिस्थिति जन्य विवशता के कारण कानूनी प्रक्रिया में उलझ गए। अब जबकि समस्या का मूल कारण नक्सलवाद समाप्त हो चुका है, तो इन बंदियों की स्थिति पर पुनर्विचार करना न्यायसंगत है।

### जेलो में बंद निर्दोषों को करे रिहा

विभिन्न जेलों में बंद आदिवासियों निर्दोषिता और विचाराधीन कैदियों का संकट की एक बड़ी संख्या विचाराधीन कैदियों की है, जो पिछले 5 से 10 वर्षों से केवल संदेह के आधार पर जेल में हैं। 31 मार्च की घोषणा यह प्रमाणित करती है कि अब क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण है, अतः इन बंदियों को संदेह का लाभ देते हुए उनके मामलों का त्वरित निपटारा आवश्यक है। सामाजिक पुनर्गठन एवं विश्वास बहाली इतिहास गवाह है कि किसी भी संघर्ष के अंत के बाद सुलह और सुधार की नीति ही समाज को जोड़ती है। जेलों में बंद युवाओं की रिहाई बस्तर के आदिवासी समाज में शासन के प्रति विश्वास पैदा करेगी, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के असंतोष की गुंजाइश समाप्त हो जाएगी।

### बस्तर शांति समीक्षा समिति का गठन

हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जाए, जिसमें समाजशास्त्री, मानवाधिकार विशेषज्ञ और आदिवासी प्रतिनिधि शामिल हों। यह समिति प्रत्येक बंदी के प्रकरण की सूक्ष्म जांच करे। गंभीरता के आधार पर वर्गीकरण ऐसे बंदी जिन पर हत्या या गंभीर हिंसा के सीधे साक्ष्य नहीं हैं,उन्हें विशेष आम माफी के तहत तत्काल रिहा किया जाए।

# महिलाओं को सशक्त बनाने जेंडर रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे एवं जनपद पंचायत सदस्य दशरी कोरसा ने भैरमगढ़ ब्लॉक मुख्यालय में जेंडर रिसोर्स सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इस केंद्र के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण उपलब्ध



कराया जाएगा। सीईओ ने अपने संबोधन में कहा कि जेंडर रिसोर्स सेंटर के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे अपने अधिकारों का बेहतर तरीके से उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिला समूह एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भंडारडिग्गी में आम फसल को खरीदने का है मौका

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम भंडारडिग्गी स्थित उद्यानिकी विभाग परिसर में आम फसल की नीलामी 15 अप्रैल को दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। उद्यान अधीक्षक संदीप सोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। इसके लिए विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नीलामी उद्यानिकी भंडारडिग्गी के परिसर में ही आयोजित की जाएगी। यह स्थानीय लोगों के लिए आम फसल प्राप्त करने का अच्छा अवसर है।

### दो घायल का हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत बैजनपुर के सड़क दुर्घटना में घायल चारामा थानांतर्गत ग्राम पथर्रीपारा निवासी रिखेंद्र कुमार कोरेटी और बड़ेगौरी पथर्रीपारा निवासी 20 वर्षीय गौतम कोरेटी पिता घासीराम कोरेटी का मौत हो गया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि 8 अप्रैल को मृतक घर से कही जा रहा हूं कहकर निकला था। थोड़ी देर में उसका एक्सीडेंट होने की जानकारी मिली। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इनोवेशन महाकुंभ का कुलपति ने लिया जायजा

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय में आगामी 4 व 5 मई को प्रस्तावित इनोवेशन महाकुंभ 1.0 को लेकर तैयारियां हो रही हैं। कुलपति ने आयोजन स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों व समन्वयकों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक मंच साबित हो सके। निरीक्षण के दौरान आर्ट एंड क्राफ्ट डिजाइन से जुड़ी गतिविधियों ने आकर्षण पैदा किया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए जा रहे नवाचार आधारित मॉडल्स की सराहना करते हुए कुलपति ने उन्हें और अधिक रचनात्मक व उपयोगी बनाने के सुझाव दिए।

कार्यक्रम : योजनाओं के लाभार्थियों से भेंट-मुलाकात कर उनसे प्रतिक्रिया जानी

# भाजपा ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत सेलेगांव और कुर्री में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत प्रदेश संगठन के आव्हान एवं जिला अध्यक्ष महेश जैन के निर्देशानुसार भाजपा मंडल कोरर द्वारा शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप की अगुवाई में एवं भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष रामबाई गोटा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम ग्राम सेलेगांव में हुआ।

सर्व प्रथम प्रातः बाज़ार परिसर में स्वक्षता अभियान चलाया गया। तत्पश्चात रैली के रूप में कार्यकर्ताओं ने ग्राम का भ्रमण करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से भेट-मुलाकात कर उनसे प्रतिक्रिया जानने का प्रयास किया। लाभार्थि द्वारका प्रसाद साहू, दुलारी बाई मानिकपुरी, नर बाई पटेल, जयंती बाई पटेल, भग्तेश्वर पटेल ने केंद्र कि भाजपा सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने देश में अच्छा काम किया है। गरीब के कल्याण एवं उत्थान के लिए कई जनहितकारी योजनाएं चलाई जा रही है। हमें प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल योजना, महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि,उज्वला योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जिसके लिए हम केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ भारतीय जनता पार्टी की सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और साथ ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मेहेत्तर राम साहू, केजा बाई मानीकपुरी को श्रीफल एवं भगवा गमछा भेंटकर सम्मानित किया। वरिष्ठ कार्यकर्ता मेहेत्तर राम साहू ने बताया कि वह जनसंघ के समय से इस विचार धारा से जुड़े हुए हैं उन्होंने भारत देश कि राजनिती में कई उतार चढ़ाव देखे हैं। ग्राम कुर्री मंदिर परिसर की साफ-सफाई सेवा ही संगठन के मंत्र को साकार करते हुए कोरर के सभी कार्यकर्ता सदस्यों द्वारा ग्राम कुर्री स्थित शीतला मंदिर प्रांगण में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने सामूहिक श्रमदान कर मंदिर के चारों तरफ की साफ सफाई की। अभियान को आगे बढ़ाते हुए कार्यकर्ताओं ने कुर्री बस्ती का भ्रमण किया। इस दौरान घर-घर जाकर ग्रामवासियों से सीधे तौर पर भेंट-मुलाकात की गई एवं उनकी कुशलक्षेम जानी गई। वरिष्ठ नागरिकों एवं मातृशक्ति का सम्मान भारतीय संस्कृति के अनुरूप कार्यक्रम के अंतिम चरण में गांव के वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं का आत्मीय सम्मान किया गया। इस दौरान सभी सम्मानीय जनों को तिलक लगाकर, शाल एवं श्रीफल भेंटकर से सम्मान किया गया। मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा शंकर लाल यादव ने बुजुर्गों का विशेष सम्मान करते हुए उनके माथे पर तिलक लगाया और शाल ओढ़ाकर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।



कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष चउथ राम उईके, मंडल महामंत्री जयराम शिवना, कृष्ण कुमार शुक्ला, उदय जैन, यशोदा साहू, प्रदीप ठाकुर, भागीरथी जुर्री, बिजेश्वर पटेल, कैलाश शुक्ला, सारदा जैन, अंगेश्वरी पटेल, चन्द्रिका साहू, अनुज सोलंकी, विरेन्द्र पटेल सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गांव चलो-घर घर चलो अभियान के तहत भाजपा ने मुल्ला बूथ में किया जनसंपर्क



**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर चलाए जा रहे गांव चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत 10 अप्रैल को भानुप्रतापपुर मंडल के शक्ति केंद्र एवं पोलिंग बूथ मुल्ला में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रचार-प्रसार मंत्री ने ग्रामीणों एवं हितग्राहियों से सीधा संवाद कर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में नरोत्तम सिंह चौहान ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए, उनसे यह भी पूछा कि उन्हें इन योजनाओं का कितना लाभ मिल रहा है। हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पांच लाख रुपएं तक का मुफ्त इलाज, महतारी वंदन योजना, किसानों के लिए 3100 प्रति क्विंटल धान खरीदी, ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत रोजगार तथा किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और ऐसे अभियानों के माध्यम से जमीनी स्तर पर फीडबैक लेकर योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा रहा है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य विष्णु कचलाम, किसान मोर्चा जिला मीडिया सह-प्रभारी लक्ष्मण कुलदीप, अनूप सोनवानी, मानु नरेटी, सन्नी ठाकुर, अनुप कुलदीप, ईश्वर निषाद, वोकेश्वर निषाद, महरू राम मावहान, हीरेसिंह गावड़े, नरेंद्र ताराम, मथुरा मावहान, संतोषी दर्रो, किरण कावड़े, मया कवाड़े, फुलेश्वरी कुलदीप, वर्षा ऊके, शिवराम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत मुल्ला के ग्रामीण उपस्थित रहें।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने लाभार्थियों से किया संवाद




**धनेलीकन्हार।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकान्हार द्वारा गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत बूथ धनेलीकन्हार में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने एवं लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के तहत 35 परिवारों से संवाद कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी। तत्पश्चात 7 वरिष्ठ कार्यकर्त्ता को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष डाकेश साहू, कार्यक्रम प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष मोती नाग रहे। ग्राम पोटगांव में भी गांव चलो बस्ती चलो अभियान कार्यक्रम के जनपद सदस्य अशोक कचलाम, पंचू नायक, मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू के नेतृत्व में पुरे टीम व ग्राम वासियों के साथ ग्राम भ्रमण कर केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभार्थीयों से मुलाक़ात कर साझा करते हुए सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। इस अवसर पोटगांव बूथ के अब्दुल खलील खान, दिलीप राजपूत, कुमार रावटे, हेमंत सिन्हा, हिरेन्द्र कुबेर, चतुर भेड़िया, प्रकाश ठाकुर, ओमकार साहू, धनेलीकन्हार बूथ से रमेश साहू, कृष्णा साहू, भुजबळ तारम, अंकित टावरी, किशन भुआर्य, वेद कुलदीप, सानू साहू, सरपंच मधु मंडावी, कविता साहू, लीलावती सेन, लीला बाई यादव, खगेश्वरी चुरेंद्र, सोभा शाह, जीतेन्द्री नायक, मा नबाई मेरिहा, परमिला तारम, सुकमा कृशान, रम्भा यादव, समोतिन यादव, साम बाई यादव, बिमला दानात, रूकधन दानात, सरोज मा रगिया, अनुसिया मेरिया, अमीना शिवना, उषा रावटे, देवली तारम, ममता धरत, रसमेश्वरी नायक, परमिला तारम, अहेलीय मार्गीया, देवनतिन पोटाई, चंदा साहू, कलावती लाटिया, गौतरहिन, हिरमोतिन, कृशान, सुरुज बाई, दिनेश्वरी साहू, प्यारी बाई, रम्भा साहू, सुकबती विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## गांव-गांव पहुंचा गांव चलो, बस्ती चलो अभियान, हितग्राहियों से सीधा संवाद



**दुर्गुकोंदल।** 47वें स्थापना दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत दुर्गुकोंदल मंडल में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शक्ति केंद्र दमकसा के अंतर्गत हिलचर बूथ के आश्रित ग्राम आमागुहान में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने गांव के हितग्राहियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त हो, इसके बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा आश्वस्त किया गया कि गांव की समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाएगा और प्रशासन स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि पार्टी निरंतर जनता के बीच जाकर उनकी जरूरतों और अपेक्षाओं को समझने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का गांव तक पहुंचना और समस्याओं को सुनना सकारात्मक कदम है। इससे उन्हें उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा और विकास कार्यों में तेजी आएगी। गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के माध्यम से भाजपा द्वारा जनसंपर्क को मजबूत करने और आमजन के बीच विश्वास कायम करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य पीलम नरेटी, संतो बाई दुग्गा, वीरेंद्र देहारी, पदमा उइके, मोनू नायक, लोकेश गुरुवर, रमेश पवार, सुरेश कोमरा, आनंद उइके, मालती नायक, शांति राना, खोरीन कोमरा, रमती विश्वकर्मा, दीपक देहारी, विमला गुरुवर सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### शहर में हो रहे अतिक्रमण को हटाने की माँग की



**कांकेर।** कांकेर शहर के शहरी क्षेत्र सीमा में हो रहे शासकीय भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर शहर द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि लगातार शहर में अतिक्रमण का स्वरूप बढ़ रहा है, जिस पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कांकेर शहर के शासकीय भूमि पर हो रहे कब्जा पर कार्यवाही की माँग किया है। इस अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पहाड़ी गांव तुलतुली की बदली तस्वीर, योजनाओं का मिल रहा है पूरा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड कांकेर के पहाड़ी क्षेत्र में बसा गांव ग्राम तुलतुली आज बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। कभी नक्सल गतिविधियों के कारण यह गांव विकास और मूलभूत सुविधाओं से दूर था, जहां लोगों को शासन की योजनाओं और बैंकिंग सेवाओं की जानकारी भी नहीं मिल पाती थी, लेकिन अब तस्वीर बदल गई है। शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलने लगा है।



ग्राम तुलतुली की निवासी मायाबती हिचामी को भी महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, वे बताती हैं कि उनके दो बच्चे हैं। उनकी बेटी गुड़िया कक्षा चौथी में पढ़ती है, जबकि उनका बेटा आंगनवाड़ी में शिक्षा प्राप्त कर रहा है। पहले आर्थिक तंगी और जागरूकता की कमी के कारण बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता बनी रहती थी। लेकिन अब शासन की महतारी वंदन योजना से हर माह मिलने वाली 1000 रुपये की सहायता ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। मायाबती इस राशि का समझदारी से उपयोग कर रही हैं, वे हर महीने 500 रुपये सुकन्या समृद्धि योजना में जमा कर अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य की नींव रख रही हैं, जबकि शेष 500 रुपये बच्चों के पौष्टिक आहार पर खर्च कर रही हैं। वे कहती हैं कि अब गांव में योजनाओं की जानकारी और सुविधाओं की पहुंच बढ़ी है, जिससे लोगों का जीवन स्तर में सुधर हो रहा है। तुलतुली जैसे दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में यह बदलाव इस बात का प्रमाण है कि शासन की योजनाएं जब सही तरीके से लोगों तक पहुंच रही हैं। महतारी वंदन की राशि से लाभान्वित करने के लिए शासन-प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## ऑनलाइन ठगी से बचाव व योजना की जानकारी देने लगी जागरूकता चौपाल



दुर्गूकोंदल। क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव के निर्देशन में बीट प्रभारी प्रआर गजेंद्र गेडरे एवं पुलिस टीम द्वारा ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोदल के साप्ताहिक बाजार में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, सचिव, पंचगण, पटेल, गायता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा न करने, बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय सावधानी बरतने एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने बताया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में शासन की महत्वाकांक्षी राहवीर योजना की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले नागरिकों को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, जिससे लोगों को आगे आकर मदद करने के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके अतिरिक्त महिला संबंधी अपराध, नशा मुक्ति अभियान एवं क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने अपील की कि अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा, बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों अथवा किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# दुर्गूकोंदल में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर जागरूकता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

आकांक्षी ब्लॉक दुर्गुकोंदल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक प्रभावी एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से संपन्न हुआ, जिसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के साथ-साथ सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियां, नियमित जांच, संतुलित आहार एवं टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नवजात शिशुओं के पोषण एवं देखभाल से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। यह आयोजन आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक गोदभराई रस्म एवं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी विधिवत संपन्न कराया गया, जिससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक जुड़ाव के साथ भावनात्मक सहभागिता भी देखने को मिली। कार्यक्रम में




खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे, डॉ. संदीप साहू, आकांक्षी ब्लॉक फेलो प्रीति गंजीर, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर चंद्रकांता कोसरिया सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर माताओं और परिवारों को जागरूक करने तथा योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान पोषण आहार, आयरन एवं फोलिक एसिड की आवश्यकता, स्तनपान के लाभ एवं स्वच्छता के महत्व पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देते हुए ग्रामीणों को सक्रिय रूप से शामिल किया गया, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके। ग्रामीण महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें अपने और अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है।

### ग्रामीणों से रूबरू होकर जाना योजनाओं का हाल

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत 10 अप्रैल को दरभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककनार एवं केशापुर में जनसंपर्क कार्यक्रम हुआ। इस दौरान ग्राम महाकापाल, ककनार और केशापुर में कार्यकर्ताओं तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से सीधे संवाद स्थापित कर योजनाओं की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया गया। भाजपा पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना और शासन की योजनाओं के लाभ की जानकारी ली।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

Make Your Child Sharper and smarter with SIP Abacus
SIP abacus
success assured
For AGES 6 to 12
SIP ABACUS = MATHS + CONCENTRATION + BETTER LEARNING
MORE THAN JUST MATHS
5X BETTER PERFORMANCE* OR MONEY BACK
यहां बच्चे सिर्फ गणित नहीं सीखते, तेज और समझदारी से सोचने की कला भी विकसित करते हैं।
New Batch Started
Admission Open - Last Date 30 April 2026
Limited Seat
Add. Sun Royal City, Mahurbandpara, Near Civil Line, Kanker, 9232033708, 7987277006